J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 19.05.2020

DAINIK JAGRAN

जेसी बोस विवि का अकादमिक कैलेंडर जारी

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र का संशोधित अकादमिक कैलेंडर जारी किया है। सभी पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा और शैक्षणिक सत्र 2020-21 शुरू करने के लिए तारीखों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने 18 मई से 25 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की भी घोषणा की है। संशोधित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं एक से 10 जुलाई तक होंगी। अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 जुलाई से शुरू होंगी। आगामी शैक्षणिक सत्र में मौजूदा विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं एक अगस्त से शुरू होंगी, जबकि नए सत्र में दाखिला एक सितंबर से शुरू होगा। शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलावों के लिए एक 10 सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ था। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करवाने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक दूरी के मानदंडों की अनुपालना कर ऑफलाइन मोड में परीक्षाएं आयोजित करवाने की प्राथमिकता होगी। परीक्षा अवधि तीन की बजाय दो घंटे पर विचार हो सकता है। यदि किन्ही परिस्थितिवश संभावित मोड से परीक्षाओं का आयोजन संभव न हुआ, तो विवि पिछले सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन और प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट करेगा। विवि वर्तमान महामारी संकट के दौरान छात्रों की परीक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू करेगा। बकौल अकादमिक मामलों के डीन डॉ.विक्रम सिंह, विवि 31 जुलाई तक वर्तमान सेमेस्टर से संबंधित सभी अपेक्षित गतिविधियां पूरा करने का सभी प्रयास करेगा। आगामी सत्र से विद्यार्थियों को ऑनलाइन इंटर्नशिप और गतिविधियां करने की अनुमति होगी।